भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून

संख्याः /भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांक नवम्बर, 2023

जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एंव नैनीताल के नदीतल स्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 की स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं तथा आवेदित/चिन्हित रिक्त उपखनिज खनन लॉटों/खनन अनुज्ञाओं (स्वीकृति के उपरान्त) के स्वामित्व/अपरिहार्य भाटक की वसूली हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से ठेकेदार/निविदाकार के चयन हेतु निविदा प्रपत्र

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना सख्या 977/VII-A-1/2023-24ख/2007 दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली–2023 के अध्याय–8 विविध के नियम–69 के अनुसार खनन पट्टे के धारकों से स्वामित्व या अपरिहार्य भाटक की वसूली नीलामी करके या टेण्डर आमंत्रित करके या ई–टेण्डर/ई–नीलामी या किसी अन्य रीति से चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार के माध्यम से ऐसी शर्तों और प्रतिबन्धों पर अनुबन्ध कर सकती है, जो उपयुक्त समझी जाय।
2. सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एंव नैनीताल के नदीतल स्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 के स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं तथा आवेदित/चिन्हित रिक्त उपखनिज खनन लॉटों/खनन अनुज्ञाओं (स्वीकृति के उपरान्त) के धारकों से पट्टाधनराशि/ अपरिहार्य भाटक की वसूली हेतु उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली–2023 के नियम–69 में उल्लिखित प्रावधान के अन्तर्गत 05 वर्ष की अवधि हेतु ठेकेदार/सफल निविदाकार का चयन ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से किये जाने हेतु ऐसे व्यक्ति/कंपनी/कन्सारटियम/साझेदारी फर्म/एलएलपी/सोसाइटी जो उक्त कार्य हेतु अर्हता रखते हों, से तकनीकी निविदा https://www.uktenders.gov.in पर एवं वित्तीय बोली https://www.eauction.gov.in ऑन लाइन निम्नवत आमंत्रित की जाती हैः–

(क) ई–निविदा की समय सारणी निम्नानुसार हैः–

क्र0सं0	विवरण	तिथि
1	ई–निविदा सूचना प्रकाशन दिनांक	दिनांक 22.11.2023 (बुद्धवार)
2	ई–निविदा प्रपत्र बिक्री आरम्भ दिनांक और समय (कार्यवाही www.uktenders.gov.in पर)	दिनांक 22.11.2023 (बुद्धवार) अपरान्ह 02:00 बजे से
3	प्री–बिड क्वैरी जमा करने की अन्तिम तिथि एंव समय एवं ई–मेल आई0डी0	दिनांक 28.11.2023 (मंगलवार) सांय 05:00 बजे तक E-Mail & dir.ukdgm@gmail.com पर
4	प्री–बिड मीटिंग दिनांक, समय एवं स्थान	दिनांक 29.11.2023 (बुद्धवार) अपरान्ह 12:00 बजे से भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय, भोपालपानी, देहरादून।
6	प्री–बिड मीटिंग शुद्धिपत्र/स्पष्टीकरण प्रकाशन	दिनांक 30.11.2023 (बृहस्पतिवार) अपरान्ह

	की अतिंम तिथि	03:00 बजे से
7	ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने हेतु आरम्भ तिथि	दिनांक 30.11.2023 (बृहस्पतिवार) अपरान्ह 04:00 बजे से
8	ई–निविदा प्रपत्र बिक्री समाप्ति दिनांक और समय	दिनांक 12.12.2023 (मंगलवार) सांय 05:00 बजे
9	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय	दिनांक 12.12.2023 (मंगलवार) सांय 05:00 बजे
10	ई–निविदा हेतु उपखनिज की आरम्भिक मात्रा (Base Quantity)	04 करोड़ टन
11	तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक और समय	दिनांक 13.12.2023 (बुद्धवार) प्रातः 11:00 बजे से
12	मात्रा निविदा (Quantity Bid) की वित्तीय निविदा खोलने की तिथि और समय	दिनांक 13.12.2023 (बुद्धवार) को अपरान्ह् 04:00 बजे से
13	तकनीकी मूल्यांकन उपरान्त सफल एवं असफल निविदादाताओं तथा प्राप्त उच्चतम मात्रा के अनुसार आधार मूल्य की घोषणा	दिनांक 14.12.2023 (बृहस्पतिवार) प्रातः 12:00 बजे से
	ई–ऑक्शन हेतु प्रारम्भिक आधार मूल्य	Quantity Bid में प्राप्त उच्चतम मात्रा (टन में) X रू0 70 (प्रति टन)
14	ई–बोली (E-Auction) प्रारम्भ होने एवं समापन का दिनांक (कार्यवाही www.eauction.gov.in पर)	दिनांक 15.12.2023 (शुक्रवार) प्रातः 11:00 बजे
15	ऑटो एक्सटेंशन का समय	08 मिनट
14	नीलामी के लिए न्यूनतम वृद्धि मूल्य की वृद्धि प्रतिशत	0.5%
15	निविदा की वैधता	120 दिन
16	पत्राचार के लिए संपर्क अधिकारी का नाम एवं पतः	1– श्री एस0 एल0 पैट्रिक, निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून। E-Mail & dir.ukdgm@gmail.com Contact No. – 8192802321 8192802348, 8192802352

(ख) ई–निविदा सह ई–नीलामी की विस्तृत प्रक्रिया का विवरण www.uktenders.gov.in एवं भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड की बेवसाईट www.dgm.uk.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। ई–निविदा सह ई–नीलामी से सम्बन्धित जानकारी भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान प्राप्त की जा सकेगी। ऑन लाईन ई–निविदा सह ई–नीलामी की कार्यवाही www.uktenders.gov.in एवं https://www.eauction.gov.in पर संपादित की जायेगी।

नोटः– (1) निविदा की सम्पूर्ण प्रक्रिया भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड के भोपालपानी, रायपुर–थानो एयरपोर्ट रोड देहरादून स्थित मुख्यालय भवन में सम्पादित होगी। प्रतिभागी निविदादाता स्वयं

अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से निदेशालय के मुख्यालय में निविदाओं की लाईव ओपनिंग (Live Opening) देख सकेंगे, तथापि प्रतिभागी निविदादाता ई–नीलामी प्रक्रिया में स्वयं के स्थान से ऑन लाइन (Online) भाग ले सकेंगे।

(2) ऑन लाईन (Online) ई–निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के पूर्व भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून आवश्यकतानुसार निविदा प्रपत्र/शर्तों में सुधार कर सकेगा तथा उसकी जानकारी ई–निविदा सह ई–नीलामी पोर्टल www.uktenders.gov.in एवं निदेशालय की वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in में प्रदर्शित की जायेगी। ऐसा सुधार निविदाताओं पर बाध्यकारी होगा। इच्छुक प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाईट/पोर्टल नियमित रूप से देखते रहें।

3. परिभाषाऐं एवं व्याख्या

(i) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है, खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम–1957 यथा संशोधित।

(ii) ''नियम'' से अभिप्रेत है, उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली–2023।

(iii) ''खनन सत्र'' से तात्पर्य है वर्षाकाल की अवधि (माह जुलाई, अगस्त एंव सितम्बर) को छोड़कर 01 अक्टूबर से 30 जून तक का समय।

(iv) ''वित्तीय वर्ष'' से तात्पर्य 01 अप्रैल से अगले वर्ष 31 मार्च तक की समयावधि से है।

(v) ''ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रपत्र'' से तात्पर्य, उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली 2023 तथा उसके अन्तर्गत निष्पादित समस्त प्रपत्र, ई–निविदा आंमत्रण सूचना, ई–निविदा प्रपत्र एंव उसमें संलग्न अनुबंध एंव अन्य अभिलेख।

(vi) ''ठेके की अवधि'' से तात्पर्य नियम–69(3) के अनुसार 05 वर्ष।

(vii) ''चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार'' से तात्पर्य नियम–69 में विहित प्रक्रिया के अनुसार चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार जो खनन पट्टे/अनुज्ञा के धारकों से स्वामित्व/ अपरिहार्य भाटक वसूल करने हेतु अधिकृत होगा एवं संमस्त वैधानिक दायत्वों के निर्वहन हेतु जिम्मेदार होगा।

(viii) ''पक्षों व पक्ष'', ''पक्षों'' से तात्पर्य अनुबंध करने वाले दोनो पक्षों से है व ''पक्ष'' का तात्पर्य अनुबन्ध निष्पादित करने वाले किसी भी एक पक्ष से है।

(ix) ''निदेशालय'' से तात्पर्य भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून से है।

(x) ''निदेशक'' से तात्पर्य, निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशलाय उत्तराखण्ड, देहरादून से है।

(xi) ''अधिकृत हस्ताक्षरी'' से तात्पर्य उस व्यक्ति से होगा जिसे, कंपनी के संचालक मंडल द्वारा पारित संकल्प के माध्यम से, कंसॉरटियम में लीड मेम्बर अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा/साझेदारी फर्म एवं एलएलपी में समस्त साझेदारों द्वारा संयुक्त रूप से अथवा मेनेजिंग पार्टनर द्वारा लिखित/सोसाईटी में उसके अध्यक्ष द्वारा, कंपनी/कंसॉरशियम/साझेदारी फर्म/एलएलपी/ सोसाइटी की ओर से निविदा संबधी दस्तावेज हस्ताक्षरित करने हेतु अधिकृत किया गया हो एवं जिसके पक्ष में **''परिशिष्ट–1''** में दिये गये प्रारूप में प्राधिकार पत्र निष्पादित किया गया हो।

(xii) ''अनुबंधित मात्रा'' से तात्पर्य है, निविदित उच्चतम उपखनिज की मात्रा।

(xiii) ''अनुबंधित राशि'' से तात्पर्य है, नियम–69 के अन्तर्गत विहित प्रक्रिया के अधीन निविदित उच्चतम उपखनिज की मात्रा के अनुसार निर्धारित धनराशि।

(xiv) ''प्रतिभागी/बिडर'' से तात्पर्य है, ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने वाला भारतीय नागरिक, पंजीकृत फर्म, एलएलपी, कंसॉरटियम, पंजीकृत सोसाईटी या भारतीय कम्पनी आदि।

4. उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के जो नियमों में प्रयुक्त हुए हैं किन्तु परिभाषित नही है, के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम या नियम में समनुदेशित किये गये हैं।

5. **प्रतिभागी की अर्हताऐंः–**

(क) तकनीकी अर्हताः

(i) प्रतिभागी का भारतीय राष्ट्रिक होना अनिवार्य है।

(ii) प्रतिभागी दिवालिया न हो एवं उसके विरूद्ध राज्य में कोई खनिज देय बकाया न हो के सम्बन्ध में नोटराईज्ड शपथ पत्र।

(iii) उस जिले के जिलाधिकारी अथवा राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, जहां वह स्थायी रूप से निवास करता है, से चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया हो।

(iv) आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत की जायेगी।

(v) प्रतिभागी व्यक्ति/फर्म/सोसाईटी/एलएलपी/कम्पनी, किसी भी राज्य में नियत तिथि (जिस तिथि को निविदा प्रक्रिया में भाग लिया जायेगा) को ब्लैक लिस्टेड (Black Listed)/डिबार्ड (Debarred) न हो, का नोटराइज्ड शपथ–पत्र निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रस्तुत किया हो।

(vi) फर्म एवं कम्पनी के मामले, जिसने पेन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण, फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र/मेमोरेण्डम आफ आर्टीकल (Memorandum of Article) की प्रति प्रस्तुत की गयी हो।

(vii) व्यक्ति/फर्म/सोसाईटी/एलएलपी/कम्पनी में से अधिकतम दो भागीदारी के तहत निविदा में प्रतिभाग कर सकेंगे। ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रस्तुत करते समय प्रतिभागी को निम्नाकिंत दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगेः–

i.	व्यक्तिगत के लिए	आधार कार्ड/पेन कार्ड।
ii.	साझेदारी फर्म	रजिस्ट्रार फर्म एव सोसायटी/अन्य अधिकृत ऐसेंसी द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र।
iii.	कम्पनी के लिए	रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी द्वारा जारी सार्टिफिकेट ऑफ इनकार्पोरेशन की प्रति।
iv.	सोसायटी	सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीयन प्रमाण पत्र।
v.	एल.एल.पी.	रजिस्ट्रार ऑर कंपनीज द्वारा जारी एल.एल.पी. पंजीकरण प्रमाण पत्र।
vi.	कन्सॉरटियम	कन्सॉरटियम ऑपरेटिंग एग्रीमेंट (सी0ओ0ए0) एवं दोनो भागीदारों के उपरोक्तानुसार constitution बाबत दस्तावेज।

(viii) कन्सारटियम (Consortium):- प्रतिभागी के कन्सॉरटियम होने की स्थिति में, कन्सॉरटियम के भागीदार, जो कि दो से अधिक न हो, को विधिमान्य कन्सॉरटियम ऑपरेटिंग एग्रीमेंट **''परिशिष्ट–2''** निष्पादित करना होगा। उक्त कन्सॉरटियम ऑपरेटिंग

एग्रीमेंट के माध्यम से भागीदार, पृथक–पृथक एवं संयुक्त रूप से अनुबंध/ठेके की शर्तों के पालन का दायित्व ग्रहण करेंगे। विगत तीन वर्षों का टर्नओवर एवं नेटवर्थ सम्बन्धी वित्तीय अर्हता की पूर्ति हेतु किसी एक भागीदार की अर्हता पूर्ण होनी चाहिए तथापि दोनो भागीदारों की पृथक–पृथक Positive Net worth होना आवश्यक होगा।

कन्सॉरटियम के सफल निविदाकार होने की स्थिति मे, त्रिपक्षीय अनुबन्ध निष्पादन, निविदा अन्तर्गत कार्य का सम्पादन तथा समस्त वैधानिक दायित्व ग्रहण करने हेतु भागीदारों द्वारा Special Purpose Vehicle (S.P.V) का गठन किया जायेगा, जो कम्पनी अधिनियम 2013 के अन्तगत पंजीकृत कम्पनी अथवा भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 में पंजीकृत साझेदारी फर्म होगी। एस0पी0वी0 में कम से कम एक भागीदार की भागीधारिता न्यूनतम 51 प्रतिशत होना आवश्यक है, ऐसा भागीदार कन्सॉरटियम का लीड मेम्बर कहलायेगा। अन्य की भागीदारिता न्यूनतम 26 प्रतिशत होना आवश्यक है। उक्त न्यूनतम भागीदारी की निरंतरता अनुबंध अवधि तक बनाये रखना अनिवार्य होगा।

प्रतिभागी के कन्सॉरटियम होने की स्थिति में सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया कन्सॉरटियम के नाम पर लीड मेम्बर द्वारा किया जायेग। लीड मेम्बर द्वारा www.uktenders.gov.in पर पंजीकरण कराया जायेगा। धरोहर धनराशि (Earnest Money Deoposit) की राशि/बैंक गारन्टी/एफ0डी0आर0 जमा करना एवं अन्य समस्त औपचारिकतायें लीड मेंम्बर द्वारा स्वयं के नाम पर ही की जायेगी। कन्सॉरटियम के सफल प्रतिभाग होने की स्थिति में त्रिपक्षीय अनुबंध का निष्पादन एस0पी0वी0 द्वारा किया जायेगा। स्पष्ट किया जाता है कन्सॉरटियम हेतु, लीड मेम्बर द्वारा www.uktenders.gov.in पर व्यक्तिगत क्षमता के आधार पर पंजीयन कराया जाना है। अतः लीड मेंम्बर, चाहे अनुसार व्यक्तिगत क्षमता में अन्य समूहों की निविदा में तो भाग ले सकेगा, किन्तु उसी समूह में कन्सॉरटियम के रूप में भाग लेने के कारण वह व्यक्तिगत क्षमता में भाग नही ले सकेगा।

(ix) प्रतिभागी/निविदादाता के पास आयकर विभाग का पेन कार्ड होना अनिवार्य है। कन्सॉरटियम के सफल प्रतिभागी होने की स्थिति में एस0पी0वी0 को पेन नम्बर लेना अनिवार्य होगा।

(x) निविदाकर्ता कंपनी को पिछले तीन वित्तीय वर्षों में से किसी एक वर्ष में किसी भी उप खनिज अर्थात् आरबीएम, रेत बजरी, बोल्डर या मिश्रित अवस्था में निविदा की गई मात्रा के 10% या उससे अधिक के बराबर मात्रा के खनन के व्यापार का अनुभव होना चाहिए।

(xi) जी0एस0टी0 एंव समस्त अन्य कर/शुल्क का भुगतान प्रचलित नियमों के अनुसार प्रतिभागी/निविदादाता द्वारा किया जायेगा। चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार को स्वीकृति के उपरान्त अनुबंध निष्पादन के पूर्व जी0एस0टी0 पंजीयन कराया जाना अनिवार्य है। कन्सॉरटियम के सफल प्रतिभागी होने की स्थिति में एस0पी0वी0 को जी0एस0टी0 के समस्त नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

(ख) **वित्तीय अर्हताः–**

प्रतिभागी निविदादाताओं को निम्न अर्हताओं की पूर्ति अनिवार्य रूप से करनी होगीः–

(a) 31.03.2023 की स्थिति में प्रारम्भिक आधार मूल्य की न्यूनतम 50 प्रतिशत Net worth (यदि वित्तीय वर्ष 2022–23 के लेखे फाइनल न हुए हों तो ऐसी स्थिति में दिनांक 31.03.2022 की स्थिति में Net worth)।

एवं

(b) अंकेक्षित लेखों के आधार पर विगत पांच वर्षों मे से किन्ही तीन वित्तीय वर्ष का औसत टर्न ओवर, प्रारम्भिक आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत।

(टर्नओवर की गणना हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 को आधार माना जायेगा। यदि वित्तीय वर्ष 2022–23 के लेखे फाईनल न हुए हों तो ऐसी स्थिति में 2017–18, 2018–19, 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 को आधार माना जायेगा)

इस हेतु निविदाकार को सनदी लेखाकार (Chartered Accountant) द्वारा **"परिशिष्ट–3"** के अनुसार Certificate उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

स्पष्टीकरणः–

क. <u>निविदाकार – कंम्पनी/भागीदारी फर्म/संमिति/दायित्व भागीदारी फर्म (LLP):-</u>

शुद्ध परिसम्पति मूल्य से आशय कंम्पनी/भागीदारी फर्म/संमिति/दायित्व भागीदारी फर्म (LLP) की प्रदत्त पूंजी, अधिशेष (जो कि विगत पांच वर्षो में व्यवसाय के दौरान अर्जित शुद्ध लाभ से निर्मित हो) और प्रतिभूतियों के प्रीमियम से प्राप्त राशि, जिसमें से व्यवसाय के संबंधित वर्ष तक की समस्त हानि, स्थगित व्यय तथा अभी तक अपलेखित न किये गये व्यय के उपरांत, दिनांक 31.03.2022/23 की तिथि में आंकेक्षित तुलन पत्रक (Balancesheet) अनुसार ही मान्य होगी किन्तु इसमें परिसंपतियों के पुर्नमूल्यांकन और अन्य फर्म/कंम्पनी के समामेलन से उदभूत रिजर्वस् (Reserves) शामिल नही होगी।

ख. <u>निविदाकार–व्यक्ति/प्रोपराईटरः–</u>

(i) व्यक्तिगत प्रकरणों में शुद्ध परिसंपत्तियों से आशय दिनांक 31.03.2022/23 की स्थिति में शेष राशि जिसमें सार्वजनिक/अनुसूचित बैकों में जमा एवं पोस्ट ऑफिस में संबंधित के बचत खातों में जमा राशि, मियादी जमा (जो कि ऋण/कर्ज/गिरवी आदि से मुक्त हों), अनुसूचित बैंक, पोस्ट ऑफिस, सूचीबद्ध कंपनी या सरकारी संस्थान या उपक्रम (केन्द्र/राज्य सरकार), किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत पत्र, बॉण्ड, सूचीबद्ध कंपनी के अंश, फर्मों में स्वयं के नाम से निवेश, सूचीबद्ध म्यूचल फंड में जमा, यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान, लोक भविष्य निधि में जमा शामिल है। (असूचिबद्ध कंपनी के अंश नही जोडे जाने है) जीवन बीमा पॉलिसी के अंतर्गत निवेश केवल समर्पण मूल्य तक ही मान्य होंगे। स्थायी/अचल संपत्ति यदि भार ग्रस्त न हो तथा संबंधित के पूर्ण स्वामित्व की हो।

अचल संपत्ति का मूल्यांकन संबंधित क्षेत्र के लिए (जहां अचल संपत्ति स्थित है) राज्य सरकार/प्राधिकृत विहित अधिकारी द्वारा निर्धारित गाईडलाईन मूल्य के अनुसार होना चाहिए।

(ii) प्रतिभागी द्वारा केवल सनदीलेखाकार (Chartered Accountant) द्वारा UDIN नम्बर सहित जारी नेटवर्थ एवं टर्नओवर प्रमाण पत्र ही अपलोड किया जायेगा। जिसका प्रारूप **"परिशिष्ट–3"** पर संलग्न है। उक्त प्रारूप में किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जायेगा। यदि प्रतिभागी द्वारा नेटवर्थ एवं टर्नओवर संबंधी सनदी लेखाकार का प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया जाता एवं केवल संबंधित वर्ष का तुलन पत्रक (Balancesheet) अपलोड किया जाता है तो उसके तकनीकी प्रस्ताव को अमान्य किया जायेगा।

(iii) आवेदक फर्म/कंपनी को 31 मार्च 2023 (कन्सॉरटियम की स्थिति लागू नहीं)

6. ई–निविदा सह ई–नीलामी की प्रक्रिया –

जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एंव नैनीताल के नदीतल स्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 की स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं तथा आवेदित/चिन्हित रिक्त उपखनिज खनन लॉटों/खनन अनुज्ञाओं (स्वीकृति के उपरान्त) के स्वामित्व/अपरिहार्य भाटक की

वसूली हेतु ठेकेदार/सफल निविदाकार का चयन ई–निविदा सह ई–नीलामी की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

(1) ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु htpp//www.uktenders.gov.in एवं htpp//www.eauction.gov.in का उपयोग किया जायेगा।

(2) इच्छुक निविदाकर्ता का www.uktenders.gov.in एवं htpp//www.eauction.gov.in पर पंजीकृत होना आवश्यक है। पंजीकरण उपरांत व्यक्ति/संस्था द्वारा login- id create करनी होगी।

(3) जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एंव नैनीताल के नदीतल में अवस्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 के समस्त स्वीकृत/आवेदित/चिन्हित खनन पट्टो/अनुज्ञाओं एवं उनकी स्वीकृत मात्रा, आधार मूल्य आदि का विस्तृत विवरण **निदेशालय की विभागीय वेबसाईट** www.dgm.uk.gov.in पर देखा जा सकता है।

खनन पट्टों/खनन अनुज्ञा के धारकों से स्वामित्व/अपरिहार्य भाटक की धनराशि की वसूली हेतु निविदा में सम्मिलित समस्त खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं में पृथक–पृथक उपलब्ध बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 मात्रा (टन में) हेतु आगणित न्यूनतम आधार मात्रा 4.0 करोड़ टन एवं अधिकत मात्रा 7.0 करोड़ टन पर मात्रा निविदा (Quantity bid) में प्राप्त होने वाली उच्चतम उपखनिज की मात्रा का रू0 70 प्रति टन की दर से गुणा कर प्राप्त मूल्य ई–बोली (E-auction) हेतु प्रारंभिक आधार मूल्य होगा। पट्टाधारकों/अनुज्ञाधारकों के द्वारा रायल्टी के अतिरिक्त डी0एम0एफ0 की धनराशि (सम्बन्धित बैंक खाते में), क्षतिपूर्ति की धनराशि (विभागीय लेखा शीर्षक) एवं स्टाम्प शुल्क की धनराशि (स्टाम्प शुल्क के लेखा शीर्षक) पूर्व की भांति पृथक–पृथक रूप से जमा किया जाता रहेगा।

(4) इच्छुक प्रतिभागी/निविदाकार व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/फर्म उपरोक्तानुसार विवरण देखने के पश्चात ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने के पूर्व निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के साथ **"परिशिष्ट–4"** के अनुसार इस आशय का करार/वचन/सहमति पत्र निष्पादित करेगा/करेगी कि उसके द्वारा ई–निविदा सह ई–नीलमी के माध्यम से जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एंव नैनीताल के नदीतल स्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 की स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं तथा आवेदित/चिन्हित रिक्त उपखनिज खनन लॉटों/खनन अनुज्ञाओं (स्वीकृति के उपरान्त) के स्वामित्व/अपरिहार्य भाटक की वसूली हेतु खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं की मौके की स्थिति का निरीक्षण कर लिया गया है एवं खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं में उपलब्ध बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 की मात्रा पहुंच मार्ग एवं अन्य सुसंगत बातों का स्वयं समाधान कर लिया गया है। निविदा प्रक्रिया अंतिम होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई शिकायत/आपत्ति अथवा इस संबंध में न्यायालय में वाद प्रस्तुत नहीं किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया अंतिम होने के पश्चात निर्धारित समय में शोध्यों का भुगतान करने और औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए अनुबन्ध हेतु सहमत है। यह करारनामा ऑन–लाईन सहमति के रूप में भी लिया जा सकेगा।

(5) **ई0एम0डी0 (अमानत राशि):–**

(क) प्रतिभागी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/फर्म चाहे अनुसार जनपद देहरदून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एंव नैनीताल के नदीतल स्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 की स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं तथा आवेदित/चिन्हित रिक्त उपखनिज खनन लॉटों/खनन अनुज्ञाओं (स्वीकृति के उपरान्त) से पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक की वसूली के लिए निविदा प्रस्तुत करने हेतु पात्र होंगे एवं इस हेतु ई0एम0डी0 की धनराशि आधार मूल्य का 10 प्रतिशत राशि होगी, जो कि निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के पक्ष में जमा करेंगे। ई.एम.डी. राशि किसी राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी/सावधि जमा (एफ0डी0आर0) जो निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के पक्ष में बन्धक हो, के रूप में भी जमा की जा सकती है। उक्त बैंक गारंटी/सावधि जमा (एफ0डी0आर0) निविदा प्रस्तुत करने की तिथि से 06 माह की अवधि के

लिये वैध होगी। बैंक गारंटी की मूल प्रति बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय के पूर्व निदेशालय में जमा करनी होगी।

(ख) चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार द्वारा प्रस्तुत की गई ई.एम.डी. राशि, देय सुरक्षा राशि (Security Money) में समायोजित की जायेगी। यदि सफल निविदाकार द्वारा ई.एम.डी. बैंक गारंटी/सावधि जमा (एफ0डी0आर0) के रूप में प्रस्तुत की गई हो तो सुरक्षा राशि की संपूर्ण राशि सावधि जमा (एफ0डी0आर0)/बैंक गारन्टी के रूप में जमा करने पर ई.एम.डी. के रूप में प्रस्तुत की गई जमा (एफ0डी0आर0)/बैंक गारन्टी वापस की जायेगी।

(ग) चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार के चयन उपरांत शेष प्रतिभागियों की ई.एम.डी. राशि यथा स्थिति वापस की जायेगी।

(6) ई–निविदा की प्रक्रियाः–

6.1 निविदाः– निविदा, दो कवर प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) में डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित और प्रतिभागी/निविदाकार के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निम्नानुसार स्व–प्रमाणित करके ऑन–लाईन प्रस्तुत की जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव मात्र ऑन लाईन (online) मोड में ही सबमिट (Submit) किये जायेंगे। किसी प्रकार की फिजिकल बिड मान्य नहीं की जायेगी।

6.2 तकनीकी निविदा में अभिलेख जो अपलोड किये जाने हैः–

6.2.1 प्रतिभागी/निविदाकार का भारतीय नागरिक, पंजीकृत फर्म, एल.एल.पी., पंजीकृत सोसायटी या भारतीय कंपनी (Any Legal Person) होना अनिवार्य है। उपरोक्त में से अधिकतम दो संस्थाओं के संघ (consortium of entities) भी निविदा में भाग ले सकेंगे। ऑनलाईन ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रस्तुत करते समय प्रतिभागी को निम्नांकित दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होगें।

i.	व्यक्तिगत के लिए	आधार कार्ड/पेन कार्ड
ii.	साझेदारी फर्म	रजिस्ट्रार फर्म एव सोसायटी/अन्य अधिकृत ऐसेंसी द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र।
iii.	कम्पनी के लिए	रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी द्वारा जारी सार्टिफिकेट ऑफ इनकार्पोरेशन की प्रति।
iv.	सोसायटी	सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीयन प्रमाण पत्र
v.	एल.एल.पी.	रजिस्ट्रार ऑर कंपनीज द्वारा जारी एल.एल.पी. पंजीकरण प्रमाण पत्र
vi.	कन्सॉरटियम	कन्सॉरटियम ऑपरेटिंग एग्रीमेंट (सी0ओ0ए0) एवं दोनो भागीदारों के उपरोक्तानुसार constitution बाबत दस्तावेज

6.2.2 प्रतिभागी को आयकर विभाग का पेन कार्ड अपलोड (Upload) करना होगा। कन्सॉरटियम के प्रतिभागी होने की स्थिति में दोनो भागीदारों के पेन कार्ड अपलोड करना होगा। कन्सॉरटियम के सफल प्रतिभागी होने की स्थिति में एस०पी०वी० को पेन नम्बर लेना अनिवार्य होगा।

6.2.3 इच्छुक पंजीकृत व्यक्ति/संस्था द्वारा उपरोक्तानुसार विवरण देखने के पश्चात जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एंव नैनीताल के नदीतल स्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 की

स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं तथा आवेदित/चिन्हित रिक्त उपखनिज खनन लॉटों (स्वीकृति के उपरान्त) के स्वामित्व/अपरिहार्य भाटक की वसूली हेतु निविदा में भाग लेने के पूर्व निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून के साथ **''परिशिष्ट–4''** में इस आशय का करार/वचन/सहमति पत्र निष्पादित किया जायेगा कि उसके द्वारा उपरोक्तानुसार ई–निविदा सह ई–नीलामी में जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एंव नैनीताल के नदीतल स्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 के स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं तथा आवेदित/चिन्हित रिक्त उपखनिज खनन लॉटों/खनन अनुज्ञाओं (स्वीकृति के उपरान्त) के धारकों से पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक की वसूली हेतु स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञा की स्थिति का मौके पर निरीक्षण कर लिया है एवं खनन लॉटों में उपलब्ध बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 की मात्रा पहुंच मार्ग एवं अन्य सुसंगत बातों का स्वयं समाधान कर लिया गया है। ई–निविदा सह नीलामी प्रक्रिया अंतिम हो जाने के पश्चात उसके द्वारा किसी भी प्रकार की कोई शिकायत/आपत्ति अथवा इस संबंध में न्यायालयीन वाद नहीं प्रस्तुत किया जायेगा। ई–निविदा सह नीलामी प्रक्रिया अंतिम होने के पश्चात निर्धारित समयावधि के देय राशि का भुगतान करने एवं औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए अनुबन्ध हेतु सहमत है।

यह करारनामा सहमति के रूप में लिया जायेगा। निविदाकार को ''परिशिष्ट–04'' पर दर्शित ऑन–लाईन करार/वचन/सहमति पत्र डाउनलोड कर, आवश्यक प्रविष्टियां कर एवं हस्ताक्षरित कर, स्कैन प्रति डिजिटल साइनिंग सर्टिफिकेट के माध्यम से ऑन–लाईन अपलोड करना होगा ।

6.2.4 प्रतिभागी को ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रस्तुत करते समय **"परिशिष्ट–5"** अनुसार प्रतिभागी का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

6.2.5 यदि आवेदक व्यक्ति नहीं है, तो उसे **"परिशिष्ट–1"** में दर्शित प्रारूप अनुसार "अधिकृत हस्ताक्षरी'' का प्राधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा। ''प्राधिकार पत्र'' पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के अलावा निष्पादक द्वारा भी हस्ताक्षर किए जाएंगे।

स्पष्टीकरणः– ''परिशिष्ट–1'' (प्राधिकार पत्र), रू. 1000/– के स्टाम्प पेपर पर निष्पादित एवं विधिवत नोटराइज कर, स्केन (Scan) कर अपलोड किया जाना होगा। कम राशि के स्टाम्प ड्यूटी भुगतान होने की स्थिति में तकनीकी प्रस्ताव अमान्य किया जायेगा। कन्सॉरटियम के प्रतिभागी होने की स्थिति में प्राधिकार पत्र का निष्पादन लीड मेम्बर द्वारा किया जायेगा।

6.2.6 **प्रतिभागी निविदादाता को निम्न अर्हताओं की पूर्ति अनिवार्य रूप से करनी होगीः–**

क. 31.03.2023 की स्थिति में प्रारंभिक आधार मूल्य की न्यूनतम 50 प्रतिशत Networth,
(यदि वित्तीय वर्ष 2022–23 के लेखे फाईनल न हुए हों तो ऐसी स्थिति में दिनांक 31.03.2022 की स्थिति में प्रारंभिक आधार मूल्य की न्यूनतम 50 प्रतिशत Networth)

ख. अंकेक्षित लेखों के आधार पर विगत पांच वर्षों में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षों की औसत टर्नओवर, प्रारंभिक आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना अनिवार्य है।
(टर्नओवर की गणना हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 को आधार माना जायेगा। यदि वित्तीय वर्ष 2022–23 के लेखे फाईनल न हुए हों तो ऐसी स्थिति में 2017– 18, 2018–19, 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 को आधार माना जायेगा।)

इस हेतु निविदाकार को सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउन्टेंट) द्वारा "परिशिष्ट–3" अनुसार Certificate उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

6.3 वित्तीय निविदा–

प्रतिभागी द्वारा वित्तीय निविदा को पोर्टल पर निर्धारित स्थान पर ऑनलाईन प्रविष्टि करनी होगी एवं डिजिटली हस्ताक्षरित करना होगा।

6.4 निविदा प्रस्तुत करना और मूल्यांकन प्रक्रिया

6.4.1 उपरोक्त बिन्दु 6.2 एवं 6.3 के अनुसार सभी दस्तावेजों के साथ होने पर निविदा को पूरा माना जाएगा, सिस्टम केवल ई–निविदा पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत अंतिम निविदा पर विचार करेगा।

6.4.2 ई–निविदा पोर्टल में, प्रतिभागियों को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक और समय से पहले कितनी भी बार निविदा को संशोधित करने की अनुमति है। इस हेतु प्रतिभागियों को सिस्टम पर लॉग इन (login) करना होगा और वित्तीय निविदा सहित सिस्टम द्वारा मांगे गए दस्तावेजों को फिर से जमा करना होगा एवं पहले से प्रस्तुत की गई निविदा को सिस्टम में delete ऑपशन का चयन कर, हटाना होगा। हालांकि, प्रतिभागियों को सिस्टम की विफलता या इंटरनेट या नेटवर्क का कनेक्शन या बिजली की विफलता से बचने के लिए अंतिम समय में निविदा में संशोधन से बचना चाहिए। यदि प्रतिभागी निर्दिष्ट समय के भीतर अपनी संशोधित निविदा प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो पूर्व की निविदा के डिलीट होने के कारण, मूल्यांकन हेतु उसकी कोई निविदा मान्य नहीं रहेगी।

6.4.3 निविदा खोलने की दिनांक, ई–निविदा सह ई–नीलामी कार्यक्रम में निर्दिष्ट हैं। इस दिनांक को शुद्धिपत्र के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है।

6.4.4 केवल उन प्रतिभागियों को निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा योग्य माना जाएगा, जो आवश्यक निविदा शुल्क रू0 20,000/– + 18% जी0एस0टी0, ई.एम.डी और दस्तावेज जमा करते है, बिना शर्त निविदा दस्तावेज के सभी नियमों और शर्तो को स्वीकार करते हैं और निविदा दस्तावेज में निर्धारित पात्रता मापदंड की आवश्यकता को पूरा करते है। इस संबंध में निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

6.4.5 प्रतिभागी/निविदाकार अपनी निविदा तैयार करने और प्रस्तुत करने से जुड़ी सभी लागतों को वहन करेगा और निविदा प्रक्रिया के संचालन या परिणाम की परवाह किए बिना निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून इन लागतों के लिए किसी भी स्थिति में जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा।

6.4.6 तकनीकी मूल्यांकन के दौरान प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो का मूल्यांकन किया जाएगा। यदि किसी भी दस्तावेज में दी गई जानकारी आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो निविदा को सरसरी तौर पर खारिज किया जा सकता है। निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किए गए किसी भी दस्तावेज के लिये स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, मांग सकता है।

6.4.7 तकनीकी मूल्यांकन के बाद, सभी प्रतिभागियों को वेबसाइट पर उनकी पात्रता के संबंध में पुष्टि मिल जाएगी। तत्पश्चात, सभी पात्र प्रतिभागियों को एक ई–मेल के द्वारा सूचित किया जाएगा।

6.4.8 तकनीकी रूप योग्य पाये गये प्रतिभागियों का वित्तीय निविदा ई–निविदा सह ई–नीलामी कार्यक्रम या शुद्धिपत्र यदि कोई हो, में उल्लेखित अधिसूचित/विस्तारित खुलने की तारीख और समय पर खोला जायेगा।

6.4.9 वित्तीय निविदा केवल उन्ही निविदाकारों के मान्य किये जायेंगे जिनका प्रस्ताव आरक्षित मूल्य से अधिक है।

6.4.10 तकनीकी रूप से पात्र निविदाकारों को उनके द्वारा प्रस्तुत वित्तीय निविदा के घटते क्रम में सूचीबद्ध किया जायेगा एवं इनमें से उच्चतम 50 प्रतिशत निविदाकारों (with any fraction rounded off to higher integer) या प्रथम पांच तकनीकी पात्र निविदाकारों, जो भी अधिक हो, को ई–नीलामी हेतु पात्र माना जायेगा। उच्चतम प्राप्त वित्तीय निविदा को ई–नीलामी हेतु आधार मूल्य मान्य किया जायेगा।

यदि तकनीकी रूप से पात्र निविदाकारों की संख्या तीन से पांच के मध्य हो तो सभी निविदाकारों को ई–नीलामी हेतु पात्र माना जायेगा। यदि एकाधिक निविदाकारों द्वारा समान राशि का वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है तो उच्चतम 50 प्रतिशत निविदाकारों की गणना हेतु उन्हे समान श्रेणी में रखा जायेगा एवं ऐसी स्थिति में उक्त समान दर की निविदा हेतु 50 प्रतिशत की सीमा बढी हुई मानी जायेगी।

6.4.11 यदि प्रथम निविदा आमंत्रण में तकनीकी रूप से पात्र निविदाकारों की संख्या तीन से कम हो तो निविदा प्रक्रिया निरस्त कर पुनः समान शर्तों पर ई–निविदा–सह–नीलामी की जायेगी।

6.4.12 परन्तु द्वितीय अथवा आगामी निविदा आमंत्रण में निविदा की संख्या दो से कम होती है तो निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा इसके कारणों की जानकारी प्राप्त की जायेगी तथा राज्य सरकार की अनुमति से समस्त ऐसे कार्य/उपाय, जिसमें निविदत्त मात्रा, आधार मूल्य आदि का पुर्ननिर्धारण किया जायेगा जिससे अधिक से अधिक निविदा प्राप्त हो सके।

6.5 ई–नीलामी की प्रक्रियाः–

6.5.1 प्रतिभागियों/निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे ई–नीलामी मापदंडों जैसे ई–नीलामी प्रारंभ दिनांक/समय समाप्ति दिनांक/समय न्यूनतम वृद्धि मूल्य, ऑटो एक्सटेंशन आदि पर सिस्टम द्वारा उत्पन्न अधिसूचना के लिए सतर्क रहें।

6.5.2 पात्र प्रतिभागी/निविदाकार ई–निविदा सह ई–नीलामी कार्यक्रम में उल्लेखित निर्धारित दिनांक एवं समय के अनुसार ई–नीलामी में भाग लेंगे। अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण दिनांक में किसी परिवर्तन के मामले में, संशोधित दिनांक और समय सूचित किया जाएगा। ई नीलामी प्रक्रिया के दौरान सभी प्रतिभागियों की पहचान गोपनीय रहती है।

6.5.3 प्रतिभागियों/निविदाकारों को ई–नीलामी में प्रारंभिक आधार मूल्य के ऊपर बोली प्रस्तुत करनी होगी। वृद्धि की दर 0.5% होगी। प्रतिभागी/निविदाकार, सफल चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार बनने के लिए ई–नीलामी प्रक्रिया में उपयुक्त रूप से प्रस्ताव बढ़ा सकते हैं। प्रस्ताव में न्यूनतम वृद्धि ई–निविदा सह नीलामी कार्यक्रम में दर्शाए अनुसार होगी। ई–निविदा सह ई–नीलामी कार्यक्रम में दर्शाए अनुसार न्यूनतम वृद्धिशील मूल्य से कम वृद्धि ई–नीलामी सिस्टम द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी।

6.5.4 प्रारंभ में ई–निविदा सह नीलामी कार्यक्रम में उल्लिखित समय तक जारी रहेगी। यदि कोई प्रतिभागी नीलामी बंद होने के अंतिम 08 मिनट में अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करता है, तो नीलामी का समय स्वचालित रूप से, उस प्रस्ताव से आगामी 08 मिनट हेतु बढ जायेगा। ऑटो एक्सटेंशन प्रक्रिया तब तक दोहराई जायेगी जब तक जब तक अंतिम प्रस्ताव से 08 मिनिट के भीतर कोई नई बोली प्राप्त न हो।

6.5.5 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार (एच–1 प्रतिभागी) का चयन ई–निविदा सह ई–नीलामी में प्राप्त उच्चतम मूल्य के आधार पर किया जाएगा।

6.5.6 ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रक्रिया के पूरा होने के बाद, सत्यापन के लिए निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को तकनीकी निविदा में सफल प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के मूल दस्तावेजों की आवश्यकता हो सकती है।

6.6 अन्य शर्तेः–

6.6.1 प्रतिभागियों को अपनी निविदा के संबंध में किसी भी जानकारी/स्पष्टीकरण/पत्राचार की प्राप्ति के लिए ई–निविदा पोर्टल पर पंजीकृत अपने ई–मेल की लगातार जांच करते रहना होगा।

6.6.2 यदि प्रतिभागी द्वारा प्रस्तुत की गई कोई भी जानकारी गलत/अपूर्ण पाई जाती है, तो निविदा को अस्वीकार कर दिया जाएगा और ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा। निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून, प्रतिभागियों को ई–मेल प्राप्त न होने/विफल होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

6.6.3 निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून बिना कोई कारण बताए निविदा को रद्द कर सकता है।

6.6.4 सशर्त निविदा अस्वीकृत किये जायेंगे।

6.6.5 उन प्रतिभागियों की निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा, जिन्होने ई–निविदा सह ई–नीलामी की शर्तों के अनुसार अपनी निविदा को प्रस्तुत नहीं किया गया है।

6.6.6 इस ई–निविदा सह ई–नीलामी के संबंध में स्वयं पक्ष पुष्ट किये जाने हेतु प्रचार, चाहे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, सख्ती से प्रतिबंधित है और निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई निविदाएं रद्द करने के लिए उत्तरदायी होंगी।

6.6.7 यह प्रस्ताव किसी भी प्रतिभागी को सफल प्रतिभागी घोषित करने से पहले जांच और निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून के अनुमोदन के अधीन है।

(7) (क) चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार (एच–1) को निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा 15 कार्य दिवस में निम्न राशि जमा करने हेतु सूचना पत्र जारी किया जावेगाः–

सुरक्षा राशि (Security Money) :– उच्चतम बोली धनराशि का 25 प्रतिशत सुरक्षा राशि के रूप में देय होगा। यह कि सुरक्षा राशि (Security Money), पूर्व में जमा ई.एम.डी. राशि के समायोजन उपरांत, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तरखण्ड देहरादून के विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00 –102–01–00 में पेमेंन्ट गेटवे (Payment Gateway) के माध्यम से जमा की जायेगी अथवा समतुल्य की धनराशि की एफ0डी0आर0 या बैंक गारंटी जमा करनी होगी।

(ख) उपरोक्त राशियां प्राप्त होने पर निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा सफल प्रतिभागी को वचनबंध प्रस्तुत करने एवं अनुबंध निष्पादन हेतु पत्र जारी किया जायेगा।

(8) अनुबंध का निष्पादन–

8.1.1 सफल प्रतिभागी, उसे बचनबंध (Agreement) प्रस्तुत करने एवं अनुबन्ध निष्पादन हेतु पत्र प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर **"परिशिष्ट–4"** पर संलग्न प्रारूप में निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड को इस आशय का वचनबंध प्रस्तुत करेगा कि उनके द्वारा उच्चतम बोली की धनराशि का 09 समान किस्तों में (माह अक्टूबर से माह जून तक) निर्धारित लेखाशीर्षक में जमा करने, प्रथम किस्त अग्रिम रूप से जमा करने तथा आगामी किस्तें प्रत्येक माह की 07 तारीख तक अनिवार्य रूप से जमा करेगा, के अनुसार अनुबन्ध निष्पादन हेतु तैयार है।

8.1.2 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार, द्वारा उक्त वचनबंध के साथ निम्न स्वहस्ताक्षरित दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने होंगेः–

(i) आयकर स्थायी खाता क्रमांक (PAN) की प्रति।

(ii) जी0एस0टी0 नंबर प्रमाण पत्र की प्रति।

(iii) वचन पत्र/सहमति पत्र **"परिशिष्ट–4"** (रू0 1000 के स्टाम्प पेपर पर नोटराइज्ड), **"परिशिष्ट–5"** प्राधिकार पत्र **"परिशिष्ट–1"**, स्थल भ्रमण प्रमाण पत्र (रू0 1000 के स्टाम्प पेपर पर नोटराइज्ड) की मूल प्रति।

(iv) निविदाकार सम्बन्धी दस्तावेज

i.	व्यक्तिगत के लिए	आधार कार्ड/पेन कार्ड
ii.	साझेदारी फर्म	रजिस्ट्रार फर्म एव सोसायटी/अन्य अधिकृत ऐजेंसी

		द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र।
iii.	कम्पनी के लिए	रिजस्ट्रार ऑफ कंपनी द्वारा जारी सार्टिफिकेट ऑफ इनकार्पोरेशन की प्रति।
iv.	सोसायटी	सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीयन प्रमाण पत्र
v.	एल.एल.पी.	रजिस्ट्रार ऑर कंपनीज द्वारा जारी एल.एल.पी. पंजीकरण प्रमाण पत्र
vi.	कन्सॉरटियम	कन्सॉरटियम ऑपरेटिंग एग्रीमेंट (सी0ओ0ए0) एवं दोनो भागीदारों के उपरोक्तानुसार constitution बाबत दस्तावेज

(v) निविदा प्रपत्र एवं निविदा प्रस्तुत करते समय अपलोड किये गये समस्त दस्तावेजों की स्वहस्ताक्षरित प्रति।

8.1.3 वचनबंध प्रस्तुत करने के उपरांत खनन पट्टे/खनन अनुज्ञाओं के धारकों से पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक की धनराशि वसूल किये जाने हेतु ठेका का द्विपक्षीय अनुबंध/एम0ओ0यू0 का निष्पादन **"परिशिष्ट–6"** पर संलग्न प्रारूप में निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून तथा चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार के मध्य निष्पादित किया जायेगा। कन्सॉरटियम होने की स्थिति में अनुबंध का निष्पादन Special Purpose Vehicle (S.P.V) द्वारा किया जायेगा। चयनित ठेकेदार/निविदाकार द्वारा अनुबंध का भारतीय स्टाम्प और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का क्रमांक 16) के उपबंधों के अधीन स्वयं के व्यय पर पंजीयन कराया जाएगा।

8.1.4 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार को जनपद देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल एवं उधमसिंहनगर के नदीतल में उपखनिज की उपलब्धता वाले रिक्त चिन्हित खनन लॉटों के आवंटन की दशा में, आशय पत्र निर्गत होने के उपरान्त खनन योजना का अनुमोदन, ई0आई0ए0 नोटिफिकेशन–2006 के अन्तर्गत पर्यावरणीय अनुमति, एन0बी0डब्लू0एल0 की अनुमति (पटटे की नेशनल पार्क/सेन्चुरी आदि की 10 कि0मी0 की परिधि में होने पर) यादि अपेक्षित हो, वन भूमि होने वन संरक्षण अधिनियम–1980 के अधीन वन अनापत्ति, उत्तराखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्थापनार्थ (सी0टी0ई0) एवं संचालनार्थ सहमति पत्र (सी0टी0ओ0) आदि 06 माह के अन्तर्गत प्राप्त करेगा तथा उक्त अनुमति सीधे निदेशक, भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय को उपलब्ध करायेगा। निदेशक भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के द्वारा उक्तानुसार खनन पट्टा स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जायेगा तथा तद्नुसार शासन के द्वारा उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली–2023 के अध्याय–2 के अनुसार खनन पट्टा स्वीकृत किया जायेगा।

8.1.5 ऐसे पट्टे, जो पूर्व में किसी व्यक्ति/संस्था को आवंटित नही है और उन्हे निविदा/नीलामी की प्रक्रिया के बाद चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार को उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली 2023 के नियम–09(2)(च), 16 (1) एवं नियम–69(4) के अर्न्तगत वरीयता दिये जाने की व्यवस्था के अनुसार उक्त नियमावली के अध्याय–2 के प्रावधनानुसार स्वीकृत किये जाने के पश्चात यदि किसी कारण से चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार का अनुबंध (MOU) निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड के द्वारा समाप्त/निरस्त किया जाता है तो उनको उक्त नियमावली के अध्याय–2 के अनुसार स्वीकृत समस्त खनन पट्टे भी स्वतः निरस्त समझे जायेंगे और साथ ही उल्लंघन एवं अपराध की दशा में उक्त

चयनित ठेकेदार/निविदाकार, उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली 2023 के अध्याय–7 में वर्णित परिणाम/दण्ड का भागी होगा।

8.1.6 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार के पक्ष में खनन पट्टों की स्वीकृति के उपरान्त चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार एवं निदेशक, भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के मध्य पृथक–पृथक खनन पट्टा हेतु एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किया जायेगा।

8.1.7 उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली–2023 के नियम–69 के अनुसार चयनित ठेकेदार/सफल निविदादाता के द्वारा उच्च बोली धनराशि को भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय को अग्रिम भुगतान करेगा। उक्त धनराशि का भुगतान ''विभागीय लेखा शीर्षक 0853–00 –102–01–00'' में विभागीय पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से किया जायेगा।

8.1.8 निविदित उच्चतम बोली की राशि से अधिक एकत्र की गई कोई भी अतिरिक्त राशि चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार की होगी।

8.1.9 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एंव नैनीताल के नदीतल स्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 की स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं तथा आवेदित/चिन्हित रिक्त उपखनिज खनन लॉटों/खनन अनुज्ञाओं (स्वीकृति के उपरान्त) के स्वामित्व/अपरिहार्य भाटक की वसूली से सम्बन्धित समस्त वैधानिक दायित्वों के निवर्हन हेतु जिम्मेदार होगा। पट्टाधारकों/अनुज्ञाधारकों के द्वारा रायल्टी के अतिरिक्त डी0एम0एफ0 की धनराशि (सम्बन्धित बैंक खाते में), क्षतिपूर्ति की धनराशि (विभागीय लेखा शीर्षक) एवं स्टाम्प शुल्क की धनराशि (स्टाम्प शुल्क के लेखा शीर्षक) पूर्व की भांति पृथक–पृथक रूप से जमा किया जाता रहेगा।

(9) खनन पट्टे/खनन अनुज्ञाओं के धारकों से पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक की वसूल की प्रक्रिया, शर्तें एवं प्रतिबन्धः–

9.1.1 चयनित ठेकेदार/सफल निविदादाता खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं के धारकों से पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक के संग्रह के लिए अपनी व्यवस्था स्वयं करेगा, जिस हेतु आवश्यकतानुसार स्वयं के व्यय पर चैकपोस्ट आदि की भी स्थापना करेगा।

9.1.2 पट्टा धारकों को ससमय पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक जमा करने हेतु चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून से अनुरोध कर नोटिस निर्गत करा सकता है। यदि किसी पट्टाधारक के द्वारा पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक निर्धारित समय पर जमा नही किया जाता है तो चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार के द्वारा निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड को लिखित रूप से सूचित करने पर उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली–2023 के नियम–69(2) के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

9.1.3 समस्त स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं के धारकों के द्वारा पट्टाधनराशि/रायल्टी एवं अपरिहार्य भाटक का भुगतान चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार को किया जायेगा। पट्टाधारकों/अनुज्ञाधारकों के द्वारा रायल्टी के अतिरिक्त डी0एम0एफ0 की धनराशि (सम्बन्धित बैंक खाते में), क्षतिपूर्ति की धनराशि (विभागीय लेखा शीर्षक) एवं स्टाम्प शुल्क की धनराशि (स्टाम्प शुल्क के लेखा शीर्षक) पूर्व की भांति पृथक–पृथक रूप से जमा किया जाता रहेगा।

9.1.4 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार के द्वारा स्वीकृत खनन पट्टा/खनन अनुज्ञा क्षेत्रों के समीप खनिज से लदे वाहनों की जांच आदि हेतु आवश्यकतानुसार स्वंय के व्यय पर चैक पोस्ट/बैरियर स्थापित किये जा सकते हैं, जिसके सम्बन्ध में सूचना निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, सम्बन्धित जिलाधिकारी एवं सम्बन्धित जिला खान अधिकारी को दी जायेगी।

9.1.5 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार के द्वारा ऐसे वाहनों से अतिरिक्त धनराशि वसूल नही करेगा जिनके पास पट्टेदारों/अनुज्ञाधारकों द्वारा जारी वैध रवन्ना होगा।

बशर्ते कि तौल के बाद यदि रवन्ना में अंकित वजन से अधिक मात्रा में खनिज पाया जाता है तो चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार ऐसे अधिक मात्रा पर उत्तराखण्ड खनिज (अवैध खनन, परिवहन, एवं भण्डारण का निवारण) नियमावली–2021 के नियम–14(2) के अनुसार धनराशि वसूल करेगा तथा उक्तानुसार ली गयी अतिरिक्त धनराशि विभागीय लेखाशीर्षक में जमा करेगा तथा उसकी सूचना प्रति माह निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, सम्बन्धित जिलाधिकारी एवं सम्बन्धित जिला खान अधिकारी को दी जायेगी। उक्त धनराशि वर्ष के अन्त में उच्च बोलीदाता की उच्चतम बोली में समायोजित की जायेगी।

9.1.6 खनन पट्टे/खनन अनुज्ञा को रद्द करना और समर्पण करना, नए खनन पट्टे/खनन अनुज्ञा को मंजूरी देना, सरकार या न्यायालय द्वारा या संबंधित क्षेत्र में किसी अन्य कारण से पट्टे या लाइसेंस के अस्थायी या स्थायी रूप से बंद करना, वार्षिक अनुबंध राशि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

9.1.7 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार के द्वारा अनुबंध राशि की किस्त नियत तिथि पर अग्रिम रूप से भुगतान किया जायेगा और यदि कोई राशि नियत तिथि पर भुगतान नहीं की जाती है, तो 24 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज लगाया जाएगा। यदि इसके बावजूद उक्त धनराशि जमा नहीं की जाती है तो निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा उक्त अनुबंध को निरस्त करते हुये बकाया धनराशि को भू–राजस्व के बकाया के रूप वसूली किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

9.1.8 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार, अनुबंध क्षेत्र में खनिज के अधिकतम परिवहन या प्रेषण को कवर करने वाले मार्ग एवं अन्तर राज्यीय सीमाओं पर पर्याप्त वेब कैमरे, कंप्यूटर के साथ Electronic Weigh Bridge सिस्टम, इन्टरनेट कनेक्टिविटी, जनरेटर और चैक पोस्ट स्वंय के व्यय पर स्थापित कर सकेगा।

9.1.9 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक संग्रहण के लिए उसके द्वारा नियोजित सभी व्यक्तियों/श्रमिकों को निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित और मुहर लगा हुआ फोटो पहचान पत्र जारी करेगा। चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार को फोटो पहचान पत्र और प्रत्येक पहचान पत्र के लिए एक सौ रुपये प्रति व्यक्ति का शुल्क के साथ पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक के लिए लगाए जाने वाले व्यक्तियों/श्रमिकों की एक सूची जमा करनी होगी। ऐसे पहचान पत्र केवल अनुबंध की अवधि के दौरान ही मान्य होंगे। ऐसे सभी व्यक्ति/श्रमिक, पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक वसूली के दौरान प्रदर्शित होने वाला पहचान पत्र अपने पास रखेंगे।

9.1.10 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार, प्रत्येक नाका या चेक पोस्ट पर ऐसे साइन बोर्ड लगाएगा जो दूर से स्पष्ट रूप से दिखाई दे और सुपाठ्य हो, जिसमें ठेकेदार का नाम, अनुबंध की वैधता तथा अनुबंध

क्षेत्र का उल्लेख हो और किसी भी शिकायत के लिए संबंधित जिला खान आधिकारी का नाम और संपर्क नंबर लिखा हो।

9.1.11 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार, अनुबंध के सभी नियमों और शर्तों और इन नियमों के तहत किए गए किसी भी संशोधन का पालन करेगा और सरकार या विभाग के किसी भी अधिकारी द्वारा जारी किए गए सभी निर्देशों का भी पालन करेगा।

9.1.12 निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून की बिना पूर्व अनुमति के चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार, अनुबंध को संपूर्ण या आंशिक रूप से स्थानांतरित नहीं करेगा और किसी अन्य व्यक्ति को या उसके नाम पर कोई उप–अनुबंध भी नहीं देगा।

9.1.13 चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार, अपने स्थायी पते में परिवर्तन की सूचना पते के प्रमाण के साथ निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड को ऐसे परिवर्तन के एक महीने के भीतर देगा।

9.1.14 अनुबंध के नियमों और शर्तों के उचित पालन में चूक के मामले में निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार, को एक माह का नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर प्रदान कर समाप्त कर सकते हैं और जमा सुरक्षा धनराशि को जब्त कर सकते हैं।

(10) किसी ठेकेदार को प्रतिबंधित करना या काली सूची में डालना.–

10.1 निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा लिखित में कारण दर्ज करने के बाद चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार को निम्नलिखित में से किसी भी कारण से अनुबंध को निरस्त किया जा सकता है या चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार को काली सूची में डाल सकता है, अर्थातः –

10.1.1 जहां चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार अनुबंध पंजीकृत नहीं करता है,

10.1.2 मासिक किस्तों का भुगतान नहीं करता है;

10.1.3 जहां चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार को निर्दिष्ट दरों से अधिक पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक/पैनाल्टी एवं अन्य शुल्क वसूलने का दोषी पाया जाता है;

10.1.4 जहां चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से या किसी एजेंट के माध्यम से निविदा प्रक्रिया के दौरान या अनुदान या निष्पादन के बाद किसी भी भ्रष्ट आचरण, धोखाधड़ी अभ्यास, जबरदस्ती अभ्यास, अवांछनीय अभ्यास या प्रतिबंधात्मक अभ्यास में शामिल पाया जाता है, अनुबंध और यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार या उसका कर्मचारी रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, निष्पक्ष नीलामी प्रक्रिया को खराब करने जैसे कदाचार का दोषी है;

10.1.5 जहां चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार या उसके साथी या उसके प्रतिनिधि को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अनुबंध से जुड़े सरकार के किसी अधिकारी या कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार का दोषी पाया जाता है;

10.1.6 जहां चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार या उसके साथी या उसके प्रतिनिधि को अनुबंध से उत्पन्न नैतिक अक्षम्यता वाले अपराध के लिए अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया है।

10.1.7 निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड चयनित ठेकेदार/सफल निविदाकार को प्रतिबंधित करने के बाद उसे एक माह का नोटिस देकर भविष्य के अनुबंधों में भाग लेने के लिए पांच साल की अवधि के लिए ब्लैकलिस्ट कर सकता है।

(11) पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक की धनराशि के संग्रहण की ठेका अवधि–

पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक की धनराशि के संग्रहण की ठेका अवधि 05 वर्ष होगी। उक्त अवधि पूर्ण एंव सन्तोषजक पाये जाने पर राज्य सरकार की अनुमति से, जैसे सरकार अनुमति दे, ऐसी अवधि के लिए बढाया जा सकता है। प्रथम वर्ष की ठेका अवधि की गणना अनुबंध दिनांक से की जाएगी तथापि अनुबंध की अवधि पूर्ण होने से पूर्व किसी भी कारण से अनुबंध निरस्त अथवा समर्पित किया जाता है, तो अनुबंध की अवधि निरस्तीकरण/समर्पण दिनांक तक सीमित होगी।

(12) ठेका राशि का निर्धारण एवं भुगतानः–

12.1 ई–निविदा सह ई–नीलामी में प्राप्त उच्चतम राशि वार्षिक ठेका राशि होगी।

टिप्पणीः– वार्षिक ठेका राशि का 09 समान किस्तों में (माह अक्टूबर से माह जून तक) विभागीय निर्धारित लेखाशीर्षक में जमा की जायेगी। प्रथम किस्त की राशि अनुबंध निष्पादन की तारीख को ही देय होगी। ठेका राशि की गणना एवं भुगतान अनुबंध दिनांक से की जायेगी। आगामी किस्तें प्रत्येक माह की 07 तारीख तक अनिवार्य रूप से विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00–102–01–00 से जमा किया जायेगा।

